आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के मिर्जापुर जिले में आज तड़के हुयी एक सड़क दुर्घटना में दस लोगों की मृत्यु हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना मिर्जापुर–वाराणसी सीमा पर मिर्जामुराद के पास एक ट्रक और ट्रैक्टर–ट्रॉली के टकराने से हुई। तीनों घायलों को वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मरने वाले सभी लोग मिर्जापुर जिले के ही निवासी हैं। उधर, इस सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मिर्जापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मिर्जापुर की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहायता राहत कोष से दो–दो लाख रूपये की आर्थिक मदद दी जायेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री राहत कोष से घायलों को भी पचास–पचास हजार रूपये की आर्थिक मदद दी जायेगी। उधर, गोण्डा जिले में कल देर रात इटियाथोक थान्हा क्षेत्र के बेंदुली गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो के पेड़ से टकरा जाने से हुयी एक अन्य सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। सभी मृतक गोण्डा के कोतवाली देहात क्षेत्र के निवासी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

****

बिजनौर के चांदपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कुट्टू का आटा खाने से लगभग डेढ़ सौ लोग बीमार हो गये हैं। सभी को अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मरीजों का हाल जाना और उनसे जानकारी ली। इस मामले में जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को जांच कर के रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि मरीजों को उचित इलाज दिया जा रहा है। मामले की जांच के निर्देश दिये गये हैं, रिपोर्ट आते ही कार्रवाई की जायेगी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में तीन सौ से अधिक लोगों की समस्याए सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जिन जरूरतमंदो के पास आयुष्मान कार्ड नही है, उनके इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने एक महिला की समस्या सुनने के बाद अधिकारियों को उसे हास्पिटल में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर के उसे संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कही कोई, किसी की जमीन कब्जा कर रहा है तो उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर के श्रद्धालुओं की सुविधा जांची और कुछ जरूरी दिशा निर्देश भी दिये। जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने देश के सबसे कम उम्र के फीडे रेटेड खिलाड़ी गोरखपुर के कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेलकर उनका उत्साह वर्धन किया। कुशाग्र अभी पांच साल ग्यारह माह के हैं और यू के जी में पढ़ते हैं। उन्होंने चार साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया और अपनी प्रतिभा के दम पर एक साल में ही फीडे रेटिंग हासिल कर ली।

****

प्रदेश सरकार मिशन शक्ति को और अधिक प्रभावी बनाने और महिलाओं को और अधिक सशक्त करने के लिए शारदीय नवरात्र में मिशन के पाचवें चरण की शुरूआत करने जा रही है। इसके तहत बड़े पैमाने पर अलग–अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जो दिसंबर तक चलेगा। इन कार्यक्रमो में महिलाओं के साथ–साथ बच्चों की सहभागिता दर्ज करायी जाएगी। कार्यक्रमो की इस श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, ऑपरेशन मुक्ति, बाल कार्निवाल, वीरांगना दिवस और स्वावलम्बन कैम्प सहित कई कार्यक्रम शामिल है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के प्रति महिलाओं और बच्चों में जागरूककता लाने के साथ–साथ उन्हें इससे लाभान्वित कराना भी है।

****

प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में कल शाम पीलीभीत टाइगर रिजर्व फाउंडेशन की पहली बैठक हुयी, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में टाइगर रिजर्व में ईको पर्यटन को बढ़ावा देने, मानव वन्य–जीव संघर्ष रोकने और वन्य जीवों की बेहतर सुरक्षा के लिये निन्यानबे लाख रूपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इस मौके पर श्री सक्सेना ने कहा कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अलग पहचान बनाई है। यहां हो रही बाघों की वंशवृद्धि और वन्य जीवों के बेहतर संरक्षण के चलते पीलीभीत टाइगर रिजर्व को कई विश्व स्तरीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

****